**FACULTY OF STUDIES**
BSF Academy, Tekanpur
Phone 07524-274100, 200, 300/ Extn 321

## प्रेस विज्ञप्ति

संख्या 1070/ प्रेसनोटअ/0सं0/2023/2201 दिनांक 11 नवम्बर 2023

---

## सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में भव्य दीक्षांत परेड का आयोजन

## 82 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों ने ली देश सेवा की शपथ

**11** नवम्बर **2023** को सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर के वीरांगना लक्ष्मीबाई परेड स्थल में उप निरीक्षक (सीधी भर्ती) क्रमांक **68** की भव्य दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर **04** महिला प्रशिक्षु सहित कुल **82** प्रशिक्षु अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्कृष्ट परेड का प्रदर्शन किया। परेड का निरीक्षण मुख्य अतिथि **श्री रवि गाँधी, अपर महानिदेशक, निदेशक अकादमी, सीमा सुरक्षा बल** ने किया व परेड की सलामी ली।

सबसे पहले मुख्य अतिथि ने शहीद स्मारक, अजेय प्रहरी पर जाकर पुष्पचक्र एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरांत शालीन अश्वरोही दल की आगवानी में परेड स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने परेड की सलामी ली और सुसज्जित परेड का निरीक्षण किया। परेड कमाण्डर प्रशिक्षु **मुनीश कपूर** की आगवानी में सभी **82** प्रशिक्षुओ ने स्थल पर उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य दर्शको के सामने भव्य परेड का प्रदर्शन किया। परेड के दौरान इन सभी प्रशिक्षुओ ने पूरे जोश के साथ देश के संविधान के प्रति एकता, अखण्डता व सम्प्रभुता को बनाये रखने के लिये अपने आपको समर्पित करने की शपथ ली एवं सीमा सुरक्षा बल के उद्देश्य 'जीवन पर्यन्त कर्तव्य' को चरितार्थ करने का दृढ़ संकल्प लिया।

इन **82** प्रशिक्षुओ को श्री के एल साह, महानिरीक्षक/ कमांडर, अधिकारी प्रशिक्षण केंद्र व अन्य योग्य अनुदेशकों के मार्गदर्शन में **50** सप्ताह का कठिन प्रशिक्षण दिया गया जिसमे शारीरिक प्रशिक्षण, संगठन और प्रशासन, हथियार प्रशिक्षण, क्षेत्र शिल्प, फील्ड इंजीनियरिंग और आईईडी, आंतरिक सुरक्षा कर्तव्य, व्यक्तित्व विकास और भाषा कौशल, ड्रिल, युद्ध कौशल, निशानेबाजी, विधि व कानून, मानवाधिकार अधिनियम, सीमा प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, मैप रीडिंग, आतंकवाद व उग्रवाद से निपटने की कला, वाहन चलाना, कम्प्युटर प्रशिक्षण, तैराकी, एडवेन्चर ट्रेनिंग, जंगल कैंप आदि के साथ साथ साइबर वारफेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,

---

नोट: - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।

अतुल

एंटी ड्रग्स, लॉ एंड ऑर्डर, विभिन्न टेक्नोलॉजीज जैसे ड्रोन आदि में भी निपुणता हासिल की। ट्रेनिंग के दौरान इनके व्यक्तित्व को संवारने, चरित्र निर्माण तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करने, विभिन्न सीमान्तों का दौरा (बार्डर टूर) भी करवाया गया है। 50 सप्ताह के गहन एवं कठिन प्रशिक्षण में **04** महिला प्रशिक्षुओ ने कंधे से कंधा मिलाकर अपेक्षित निपुणता हासिल की और खुद को नारी शक्ति का परिचायक सिद्ध किया। इस प्रशिक्षु दीक्षांत परेड के उपरांत सीमा सुरक्षा बल के अधीनस्थ अधिकारी के रूप में अपने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त की गयी कार्यकुशलता और युद्धकौशल व निपुणता को, पाकिस्तान और बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात रहते हुए, चरितार्थ करेंगे एवं देश की सुरक्षा को और मजबूती देंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने इन **50** सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान, उत्कृष्ठता हासिल करने वाले निम्न प्रशिक्षु अधीनस्थ अधिकारियों को ट्राफियां प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया।

**<u>अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र (COT) क्रमांक 68:-</u>**

| **क्रमांक** | **ट्राफी का नामः** | **उप निरीक्षक (सीधी भर्ती)** |
|---|---|---|
| 1 | बैटन ऑफ ऑनर (ऑल राउण्ड सर्वोत्तम) | उप निरीक्षक तरुण कुमार |
| 2 | नरेश यादव ट्रॉफी (ड्रिल प्रशिक्षण में प्रथम) | उप निरीक्षक मुनीश कपूर |
| 3 | उप्पल ट्राफी (बाहरी प्रशिक्षण में सर्वोत्तम) | उप निरीक्षक तरुण कुमार |
| 4 | महानिदेशक ट्रॉफी (आन्तरिक प्रशिक्षण में प्रथम) | उप निरीक्षक नेहा धामी |
| 5 | वाधवा ट्रॉफी (फायरिंग प्रशिक्षण में प्रथम) | उप निरीक्षक गंधर्व नायर |
| 6 | चंदेल ट्राफी (खेलकूद में प्रथम) | उप निरीक्षक मुनीश कपूर |
| 7 | विकास भारद्वाज ट्रॉफी (कम्प्युटर अवेयरनेस में प्रथम) | उप निरीक्षक नीरज |

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन भाषण में इन युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि आपका स्मार्ट टर्न आऊट, शानदार ड्रिल एवं जोश इस अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त किए आपके उच्च दर्जे के व्यावहारिक प्रशिक्षण, सक्षमता और आत्मविश्वास को जाहिर करता है, और महोदय ने विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रशिक्षु अपनी लगन, समर्पण एवं कठोर परिश्रम की बदौलत न सिर्फ सीमा सुरक्षा बल का, वरन् देश का नाम दुनिया में रोशन करेगें। महोदय ने प्रशिक्षुओ के अभिभावकों का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने अपने बच्चो को देश सेवा के लिए समर्पित किया।

---

नोटः - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।

अतुल

इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों के साथ साथ अकादमी टेकनपुर में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारीगण, अन्य कार्मिक व प्रशिक्षु अधीनस्थ अधिकारियों के परिवारजन भी उपस्थित थे।

परेड़ के दौरान सभी उपस्थिति दर्शकों के समक्ष सीमा सुरक्षा बल अकादमी और अन्य विंग की क्षमता को बैण्ड शो, डॉग शो, चेतक और गजराज वाहनों तथा लेजम शो के द्वारा प्रदर्शित किया गया, जिसकी सभी ने सराहना और प्रशंसा की।

अतुल 11/11/23

(अतुल यादव), दवितीय कमान अधिकारी
वास्ते उप महानिरीक्षक (अध्ययन संकाय)
सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर

---

नोट: - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।